डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश
जानकीपुरम विस्तार, सेक्टर – 11, सीतापुर रोड,लखनऊ–226031

पत्रांक संख्या: ए0के0टी0यू0/नामांकन-35/2023/5353 **दिनांक:** 17 दिसम्बर, 2024

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

विषयः सत्र 2024–25 में नव–प्रवेशित छात्र–छात्राओं के नामांकन एवं परीक्षा फार्म समर्थ पोर्टल पर भरवाए जाने के संबंध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि संस्थान में सत्र 2024–25 के नवप्रवेशित छात्र–छात्राओं के नामांकन फार्म एवं परीक्षा फार्म समर्थ पोर्टल के माध्यम से भराये जाने हैं। तत्क्रम में सत्र 2024–25 काउंसलिंग, रिक्त बची एवं मैनेजमेंट कोटा सीटों पर प्रवेशित छात्र–छात्राओं के लिए समर्थ पोर्टल पर नामांकन एवं परीक्षा फार्म भरे जाने हेतु प्रकिया निम्नानुसार है:–

1. सत्र 2024–25 में काउंसलिंग के माध्यम से नवप्रवेशित छात्र–छात्राओं हेतु नामांकन एवं परीक्षा फार्म भरे जाने प्रकिया:–

(अ) सत्र 2024–25 में काउंसलिंग के माध्यम से नवप्रवेशित छात्र–छात्राओं को सर्व प्रथम समर्थ पोर्टल के लिंक https://aktuadm.samarth.edu.in/index.php/ पर पंजीयन करवाया जाना है। उक्त पोर्टल छात्र–छात्राओं का पंजियन यूपीटीएसी में अभ्यर्थी द्वारा उपलब्ध करवाए गए पंजीकृत ई–मेल के माध्यम से ही सम्पादित की जा सकेगी। तद् पोर्टल पर समस्त सूचनाएं (विद्यार्थी की व्यक्तिगत एवं अकादमिक सूचना) शैक्षिक और आवश्यक प्रमाण पत्रों के साथ भरी जानी हैं। उक्त पोर्टल पर काउंसलिंग के माध्यम से नवप्रवेशित छात्र–छात्राओं को दिनांक 21 दिसम्बर, 2024 से 30 दिसम्बर, 2024 तक अनिवार्य रूप से पंजियन किया जाना है।

(ब) **उक्त के अनुसार निर्धारित तिथि तक पंजीकृत छात्र–छात्राओं को दिनांक 01 जनवरी, 2025 से दिनांक 10 जनवरी, 2025 के मध्य अनिवार्य रूप से नामांकन एवं परीक्षा फार्म समर्थ पोर्टल पर लिंक https://aktu.samarth.edu.in/index.php/site/login के माध्यम से भरा जाना है।**

2. सत्र 2024–25 में समर्थ पोर्टल के माध्यम से रिक्त बची एवं मैनेजमेंट कोटा सीट पर नवप्रवेशित छात्र–छात्राओं हेतु नामांकन एवं परीक्षा फार्म भरे जाने प्रकिया:–

(अ) सत्र 2024–25 में समर्थ पोर्टल के माध्यम से रिक्त बची एवं मैनेजमेंट कोटा सीटों पर नवप्रवेशित छात्र–छात्राएं समर्थ पोर्टल पर अपने लॉगिन के माध्यम से दिनांक 21 दिसम्बर, 2024 से दिनांक 23 दिसम्बर, 2024 तक अपनी ब्रांच एवं सूचनाएं संशोधित कर सकेंगे। साथ ही उक्त के उपरांत संशोधन हेतु अन्य कोई अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।

(ब) सत्र 2024–25 में समर्थ पोर्टल के माध्यम से रिक्त बची एवं मैनेजमेंट कोटा सीटों पर नवप्रवेशित छात्र–छात्राओं का डाक्यूमेंट वेरीफिकेशन दिनांक 25 दिसम्बर, 2024 से दिनांक 05 जनवरी, 2025

2.... / –

तक अनिवार्य रूप से करवाया जाना है। उक्त डाक्यूमेंट वेरीफिकेशन के संबंध में विश्वविद्यालय के वेरीफाइयर द्वारा अंकित की जाने वाली समस्त प्रविष्टियां नवप्रवेशित विद्यार्थी के समर्थ लॉगिन पर ही प्रदर्शित होंगी। उक्त के साथ प्रतिउत्तर भी विद्यार्थी के लॉगिन से अपलोड किया जा सकेगा।

(स) **डाक्यूमेंट वेरीफिकेशन के उपरांत सफल सत्यापित विद्यार्थियों का दिनांक 01 जनवरी, 2025 से 10 जनवरी, 2025 के मध्य अनिवार्य रूप से नामांकन एवं परीक्षा फार्म समर्थ पोर्टल पर लिंक https://aktu.samarth.edu.in/index.php/site/login के माध्यम** से भरा जाना है।

संस्थान में सत्र 2024–25 में नव प्रवेशित छात्र–छात्राओं के नामांकन फार्म की हार्ड कापी सत्यापन के उपरान्त तीन कार्य दिवस में विश्वविद्यालय में जमा कराये जाने का कष्ट करें। यदि उक्त निर्धारित अवधि में संस्थान द्वारा नामांकन फार्म की हार्ड कापी छात्र/छात्रा के मूल माईग्रेशन के साथ विश्वविद्यालय में जमा नहीं की जाती है और किसी भी प्रकार की विरोधाभाष की स्थिति उत्पन्न होती है तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित संस्थान की होगी।

कृपया तद्नुसार अवगत होते हुए कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीया

(रीना सिंह)
कुलसचिव

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. उप कुलसचिव/सहायक कुलसचिव(नामांकन), ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. प्रभारी ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0।
5. स्टॉफ आफिसर, कुलपति कार्यालय, मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(रीना सिंह)
कुलसचिव